Title: hRegarding need for adequate funds for providing adequate facilities at kumbhmela to be held at Allahabad, U.P. during December-March, 2000-20001.h

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान इलाहाबाद के गंगा-यमुना नदी के तट पर दिसम्बर से मार्च माह के बीच में 21वीं शताब्दी के लगने वाले पहले महाकुम्भ मेले की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं।

प्रयाग में पूरे देश और विदेश से 7-8 करोड़ श्रद्धालु महाकुम्भ मेले में आने की संभावना है। कुम्भ मेला तथा अगल-बगल के क्षेत्रों में अपार भीड़ होने की वजह से रेलगाड़ी, हवाई जहाजों और सड़क मार्ग पर आने-जाने वाले व्यक्तियों के लिए स्पेशल गाड़ियों, हवाई जहाज एवं बसों का इन्तजाम केन्द्र सरकार को करना पड़ेगा। जो यात्री कुम्भ मेला तथा आसपास के क्षेत्र में रहेंगे तथा उनके लिए पीने के पानी, शौचालय की व्यवस्था और आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण अति आवश्यक है। यमुना नदी पर रक्षा विभाग द्वारा भीड़ का दबाव कम करने के लिए हर कुम्भ मेले में अस्थाई रूप से बेली पुल का निर्माण किया जाता था, परन्तु इस बार रक्षा विभाग द्वारा पुल का निर्माण नहीं किया जा रहा है। पुल न बनने से मेले में अत्यधिक भीड़ होने पर भगदड़ में हजारों की संख्या में लोगों की जान जा सकती है। इसलिये यमुना नदी पर पुल का निर्माण अत्यधिक आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आतंकवादी भी कोई बड़ा विस्फोट मेले में कर सकते हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि मेले में जन सुविधाओं को बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार अतिरिक्त धन मुहैया कराये। साथ ही आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिये अधिक से अधिक उपाय करें और पूरे मेले को कन्ट्रोल करने के लिए समुचित उपाय भी करें